चण्डीगढ़
1.9.2014

# चण्डीगढ़ में गीता के भगवान द्वारा स्वर्णिम संसार की पुनर्स्थापना विषय पर भव्य सेमिनार का आयोजन

रविवार, दिनांक 31.8.2014 को चण्डीगढ़ राजयोग भवन के सभागार में एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया । विषय था – गीता के भगवान द्वारा स्वर्णिम संसार की पुनर्स्थापना । इस सेमिनार में भाग लेने के लिए दिल्ली से आदरणीय बृजमोहन भाई जी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन माननीय न्यायमूर्ति भ्राता ईश्वरिया जी, हरिद्वार के संत श्री हरिदास जी महाराज – शिष्य 108 सुश्री म. सवित्री दास जी महाराज – श्री जानकी दास आश्रम तथा संत श्री महंत हेमानन्द सरस्वती जी महाराज – अध्यक्ष श्री महंत परमानन्द सरस्वती जी महाराज ट्रस्ट, हरिद्वार पधारे । जब्बलपुर से गीता रिसर्च स्कॉलर बी. के. बहन डा0 पुष्पा पाण्डेय जी भी विशेष रूप से आमन्त्रित थी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एक बालिका के स्वागत नृत्य से हुआ तथा आदरणीय अचल दीदी जी ने वाणी द्वारा सभी का स्वागत करते हुए विषय के महत्व पर प्रकाश डाला ।

भ्राता ईश्वरिया जी ने बहुत ही विवेकपूर्ण विधि से स्पष्ट किया कि श्रीमद् भगवदगीता में वर्णित युद्ध अहिंसक था न कि हिंसक तथा गीता का ज्ञान कलियुग के अंत में दिया गया ।

आदरणीय बहिन पुष्पा पाण्डेय जी ने बहुत ही विद्वता से यह स्पष्ट किया कि गीता का ज्ञान दाता परमात्मा शिव हैं और श्रीकृण सतयुग के प्रथम् राजकुमार हैं । साथ साथ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गीता के भगवान का जन्म मनुष्य सदृश नहीं होता बल्कि दिव्य अवतरण होता है ।

आदरणीय भ्राता बृज मोहन जी ने स्पष्ट किया कि प्रजापिता ब्रह्मा ही वह भाग्यशाली रथ है जिसके द्वारा निराकार परमात्मा शिव ने स्वर्णिम संसार की पुनर्स्थापना के लिए गीता का ज्ञान दिया ।

हरिद्वार से पधारे दोनों संतों ने भी अपनी आजस्वी वाणी द्वारा सभी को गीता की महिमा सुना कर भाव विभोर किया । मंच संचालन भ्राता अमीर चन्द जी ने किया ।

इस अद्‌भुत कार्यक्रम के लिए बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक निमन्त्रण पत्र चण्डीगढ़ के सभी न्यायधीशों, सरकारी अधिकारियों, समाज सेविकों आदि को देकर आमन्त्रित किया गया ।

मीडिया का भी बहुत ही अच्छा सहयोग मिला । सभी प्रमुख समाचार पत्रों के संवाददाता, फोटोग्राफर आये एवं कई टी वी चैनलस द्वारा भी इस कार्यक्रम को कवर किया गया ।

अनेक वरिष्ठ नागरिक सभा में पधारे । कुछेक के नाम निम्नलिखित हैं :–

1 Justice A.N. Jindal, Retd. Judge Pb. & Haryana High Court
2 Justice M.M. Aggarwal, Retd. Judge Pb. & Haryana High Court
3 Justice Baldev Singh, Retd. Judge Pb. & Haryana High Court
4 Distt. & Session Judge, Mr. S.K. Aggarwal
5 Dr. Amod Kumar, Director C.S.I.O, Chandigarh
6 Mr. Sarban Singh, IAS, Financial Commissioner, Haryana
7 Mr. R.K. Rana, Past Distt. Governor, Lions Club, Chandigarh
8 Dr. Awdhesh Pandey, Head of the Dept. Oncology, GMCH, Chandigarh.
9 Mr. Vijay Sehgal, Vetran Journalist
10 Mr. Jagdeep Singh Cheema, Chairman, Dr. Amrik Singh Cheema Foundation Trust, Chandigarh
11 Justice Iqbal Singh, Retd
12 Dr. A.P. Sanwaria, former president of Chandigarh Chapter of the IMA
13 Mr. P.C. Sanghi, Chairman, FOSWAC